प्रथम शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 150, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO : 07 MIDDLE

फाइनल में भिड़ेंगे मिशन एकेडमी और विद्या वर्ल्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेमीफाइनल में सेंट फ्रांसिस और डीपीएस की टीमें हारीं

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफाइनल में मिशन एकेडमी ने सेंट फ्रांसिस की टीम को 139 रन से और दूसरे सेमीफाइनल में विद्या वर्ल्ड ने डीपीएस को 172 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों के बीच फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

पहले सेमीफाइनल में मिशन एकेडमी ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 258 रन बनाए। जवाब में सेंट फ्रांसिस की टीम 17 ओवर में 119 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। मिशन एकेडमी के कप्तान असद को 18 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 गेंदों पर 120 रन बनाने और तीन विकेट लेने पर मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे सेमीफाइनल में विद्या वर्ल्ड के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए। जवाब में डीपीएस की टीम 12.5 ओवर में 43 रनों पर आल आउट हो गई। मैच में 33 रन बनाने और तीन विकेट लेने वाले विद्या वर्ल्ड के दक्ष चंदेल मैन आफ द मैच बने।